**Seventeenth Loksabha**

p>

Title: Regarding the appointment of new State cooordintor for implementation of NRC in Assam.

**श्री अब्दुल खालेक (बारपेटा):** आदरणीय अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे मौका दिया, इसके लिए धन्यवाद । अभी सारे देश में एनआरसी को लागू करने की चर्चा हो रही है । असम में यह काम शुरू हुआ है । डॉ. मनमोहन सिंह जी के केंद्रीय शासन और असम में तरुण जी के शासन ने इसे शुरू किया था । सुप्रीम कोर्ट के पर्यवेक्षण में मोदी सरकार ने इस काम को आगे लेकर गई । सुप्रीम कोर्ट के स्टेट कॉर्डिनेटर ... * ने बताया कि फाइनल लिस्ट पब्लिश हुआ था, उसके बाद उनका जीवन सुरक्षित नहीं है इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने उनका ट्रांसफर किया । अभी राज्य शासन ने नया स्टेट कॉर्डिनेटर नियुक्त किया । इस ऑफिसर ने सोशल मीडिया में काफी अपडेट दिया है जो काफी ऑब्जेक्शनेबल है । यह कुछ आर्गेनाइजेशन के खिलाफ है, कुछ कम्युनिटी के खिलाफ है और कुछ पॉलीटिकल पार्टी के खिलाफ है । मैंने असम के मुख्य मंत्री जी को खत भी लिखा है । एनआरसी सिर्फ राज्य का विषय नहीं है इसलिए आपके जरिए शासन को रिक्वेस्ट करता हूं कि स्टेट कॉर्डिनेटर को तुरंत बदलना चाहिए और दूसरे निष्पक्ष ऑफिसर को काम देना चाहिए । असम में एनआरसी हुआ है । अभी बोल रहे हैं कि दोबारा होगा, दोबारा होने से जो हमारा रिर्सोस और टाइम बर्बाद हुआ ।